डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग (चमोली)

# मोनाल

ई-न्यूज लैटर

Website : www.gpgckaranprayag.com    E-mail : gdc.kpg1979@gmail.com

प्रवेशांक    पृष्ठ : 5    जुलाई-अगस्त 2023



प्रो. सी. डी. सूंठा
निदेशक
उच्च शिक्षा उत्तराखंड


## संदेश



अत्यंत हर्ष का विषय है कि डॉ. शिवानंद नौटियालराजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग (चमोली) उत्तराखंड द्वारा महाविद्यालय के ई-न्यूज लैटर "मोनाल" का प्रवेशांक (जुलाई-अगस्त 2023) का प्रकाशन किया जा रहा है। महाविद्यालय के ई-न्यूज लैटर "मोनाल" के माध्यम से महाविद्यालय की गतिविधियों,आयोजनों,उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी समाज एवं हितधारकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही ई-न्यूज लैटर "मोनाल" महाविद्यालय के विद्यार्थियों की बौद्धिक, वैचारिक एवं रचनात्मक प्रतिभा की अभिव्यक्ति के लिए भी माध्यम होगा। मैं उक्त ई-न्यूज लैटर "मोनाल" के प्रकाशन हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य, संपादक मंडल, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

प्रो. सी. डी. सूंठा

## संस्कृत व राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**20-21 जुलाई**

संस्कृत तथा राजनीति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में द्विदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था 'भा रत निर्माण में महिलाओं की भूमिका'। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा संपोषित राष्ट्रीय सेमिनार के प्रथम उद्घाटन सत्र में प्रभारी प्राचार्य एम. एस.कंडारी, मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. जोरावर सिंह राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद, मुख्य अतिथि डॉ.मनोज नौटियाल, असि. प्रो. राजकीय महाविद्यालय गोपेश्वर, विशिष्ट वक्ता डॉ. प्रवीण शर्मा अटल आदर्श कॉलेज नैनीसैण, विशिष्ट अतिथि डॉ. आशुतोष रतूड़ी, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली आदि उपस्थित रहे।

शेष पृष्ठ सं........ 3 पर

## पी. जी. कालेज कर्णप्रयाग में नवनियुक्त प्राचार्य प्रो.तलवाड़ ने किया कार्यभार ग्रहण



**2 अगस्त**

महाविद्यालय में नवनियुक्त प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। महाविद्यालय आगमन पर स्टॉफ क्लब द्वारा उनका स्वागत किया गया। चकराता महाविद्यालय से प्रोन्नत प्राचार्य प्रो. तलवाड़ ने अपने संबोधन में कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें कर्णप्रयाग जैसे प्रतिष्ठित महाविद्यालय में कार्य करने का अवसर मिल रहा है। महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ करने के लिए नवाचार का प्रयोग उनकी प्राथमिकता रहेगी। महाविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाई जायेगी। निकट भविष्य में महाविद्यालय में नैक की पीयर टीम का विजिट प्रस्तावित है, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जायेगा। प्राचार्य ने घोषणा की कि वर्ष 2023 की विश्वविद्यालयीय परीक्षा में प्रत्येक कक्षा के एक-एक टापर को स्व.साईं दास तलवाड़ मेधावी छात्रवृत्ति के रूप में 1100 रुपए, मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। प्राचार्य ने प्राध्यापकों के साथ कक्षा-कक्षों, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक सहित स्टाफ के अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## भूतपूर्व छात्र प्रकोष्ठ की बैठक में महाविद्यालय विकास पर हुई चर्चा



**5 अगस्त**

भूतपूर्व छात्र प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र सम्मिलित हुए। सभी ने इस बात पर मंथन किया कि किस प्रकार महाविद्यालय उन्नति की ओर अग्रसर हो सकता है। कतिपय भूतपूर्व छात्र ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़े। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. तलवाड़ ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए पूर्व छात्रों की सहभागिता एवं सुझाव आवश्यक है। भूतपूर्व छात्रों ने कहा कि वे महाविद्यालय विकास हेतु तन-मन-धन से अपना पूर्ण योगदान देंगे। इस बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित, अन्य प्राध्यापक एवं भूतपूर्व छात्र उपस्थित रहे।

## कर्णप्रयाग महाविद्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित, प्राचार्य ने कालेज का रोडमैप किया प्रस्तुत






**9 अगस्त**

महाविद्यालय में नैक की टीम द्वारा भौतिक निरीक्षण निकट भविष्य में प्रस्तावित है। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने महाविद्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि नैक के निरीक्षण के लिए समस्त विभागों व समितियों को निर्देशित कर दिया गया है। इस दौरान पी.टी.ए., एल्युमिनाई एसोसिएशन सहित सभी हितधारकों का पूर्ण सहयोग लिया जायेगा। महाविद्यालय के आगामी 6 महीनों के रोड मैप पर बात करते हुए प्राचार्य ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मानित किया जायेगा। स्व. साईं दास मेधावी छात्रवृत्ति के अंतर्गत 15 टॉपर्स को 1100 रू. की नकद धनराशि दी जायेगी। नांदी फाउंडेशन द्वारा महिन्द्रा प्राइड क्लासेज के अंतर्गत 40 छात्राओं को कौशल विकास का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। महाविद्यालय में 'यूथ रेडक्रास इकाई' व 'चुनावी साक्षरता क्लब' का गठन किया जायेगा। 21 नवंबर को महाविद्यालय के 45 वें स्थापना दिवस का समारोहपूर्वक आयोजन होगा। महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन एवं विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगितात्मक वातावरण का सृजन उनकी प्राथमिकता में शामिल है। प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया प्रभारी डा.आर.सी.भट्ट व वरिष्ठ प्राध्यापक डा.एम.एस.कंडारी आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## कर्णप्रयाग महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा संपादित पुस्तक का प्राचार्य ने किया विमोचन



**10 अगस्त**

वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों डा. रविन्द्र कुमार, डा. राजेश कुमार, प्राध्यापक नेतराम व डा. हरीश चंद्र रतूड़ी द्वारा संपादित पुस्तक "ग्राहक संबंध प्रबंधन" (रुझान एवं नवाचार) का विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर के. एल. तलवाड़ द्वारा किया गया। आई.एस.बी.एन. से युक्त इस पुस्तक में 32 लेखों को संकलित किया गया है। टेलीकॉम इंडस्ट्रीज, प्रबंधन, ट्रांसपोर्ट, विद्युत वितरण, ऑनलाइन बैंकिंग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं पर्यटन विषय से जुड़े लेखों के माध्यम से पाठकों को अत्यंत उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी। प्राचार्य ने वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों को इस लेखन और संकलन कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। विमोचन कार्यक्रम में सुश्री हिना नौटियाल, विजय कुमार व दीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## कर्णप्रयाग महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत कर दी गई अनेक जानकारियां



**11 अगस्त**

नवप्रवेशित छात्रों के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि नवागंतुक विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विषय में एवं नई शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्यक्रम के विषय में समग्र जानकारी दी जा सके। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ ने अपने संबोधन में महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं जानकारी दी। एनएसएस, एनसीसी, गर्ल्स कॉमन रूम, कॅरिअर काउंसलिंग, पुस्तकालय, वाचनालय, यूनिफारम, वार्षिक पत्रिका, क्रीड़ा समारोह, एंटी रेगिंग सैल आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे जिसमें विज्ञान संकाय, कला संकाय के सभी प्राध्यापक एवं वाणिज्य संकाय के सभी प्राध्यापकों ने अपने विभाग से संबंधित जानकारियां नए छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई। इस कार्यक्रम में डॉ. आर.सी. भट्ट, डॉ. एम. एस. कंडारी, डा. पंकज, डा. कीर्तिराम डंगवाल, डा. हरीश बहुगुणा आदि सहित बड़ी संख्या में बीए व बीकाम प्रथम सेमेस्टर के नवप्रेशित विद्यार्थी मौजूद रहे।

## 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों व पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित





**15 अगस्त**

स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में शहीद शिव प्रसाद पुरोहित के पिता डॉ. राजेंद्र प्रसाद पुरोहित व पूर्व सैनिक दिनेश चंद्र सेमवाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं द्वारा देश-भक्ति गीत, नृत्य व नाटक प्रस्तुत किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० के. एल. तलवाड़ ने समस्त स्वयंसेवी छात्र छात्राओं को कहा कि इन्हीं वीर सपूतों के कारण हम आज स्वतंत्र जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कार्यक्रम में आमन्त्रित विशिष्ट अतिथि एवं भूतपूर्व सैनिकों ने अपने अनुभव के माध्यम से युवाओं कोदेशभक्ति और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी से अवगत कराया। कार्यक्रम में NSS के कैडेट्स ने भी देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमअधिकारी डॉ. चंद्रावती टम्टा, सुश्री हिना नौटियाल, डॉ. चंद्रमोहन जनस्वाण एवं एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. नैनवाल सहित समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

पृष्ठ सं 1 का शेष..... राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन.......

डॉ.जोरावर सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि स्वयं के निर्माण से ही भारत का निर्माण संभव है। महिलाएँ चूल्हे से मंगल तक अपनी विशिष्टता द्योतित कर चुकी हैं। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एम. एस. कंडारी ने कहा कि भविष्य में ऐसे ही कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा राष्ट्र में महिलाओं की भूमिका और स्पष्ट रूप से तय होगी। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न भागों से आए 50 से अधिक शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। संयोजक डॉ. मृगांक मलासी ने समस्त कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। संगोष्ठी के समन्वयक कीर्तिराम डंगवाल ने इस संगोष्ठी का सुचारू रूप से संचालन किया। सहसंयोजक डॉ. मदन शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि संगोष्ठी से हमारे विद्यार्थी लाभान्वित होकर उत्तम कार्य कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे। सह समन्वयक डॉ पंकज यादव एवं डॉ. हरीश बहुगुणा ने अन्य सत्रों में संचालन किया। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी, विद्यार्थी तथा बाहर से आए शोधार्थी सहित 200 से अधिक लोग उपस्थित रहे।

## कर्णप्रयाग महाविद्यालय में सद्भावना दिवस पर प्राचार्य ने दिलाई शपथ

**18 अगस्त**



सद्भावना दिवस पर सामूहिक रूप से शपथ ली गई। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ ने ऑडिटोरियम में महाविद्यालय परिवार को सद्भावना की शपथ दिलाई। शपथ के अनुसार सभी ने दोहराया कि 'मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा/करूंगी। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउंगा/सुलझाउंगी। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का संचालन समारोहक डॉ.आर.सी.भट्ट ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए कर्णप्रयाग कालेज में की करिअर काउंसिलिंग

**18 अगस्त**



करिअर काउंसिलिंग प्रकोष्ठ के तत्वावधान में क्लेंस सोफ्टवेयर लिमिटेड कम्पनी द्वारा छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग की गई। क्लेंस सोफ्टवेयर लिमिटेड कम्पनी से आये विषय विशेषज्ञों श्रीमती ऊषा एवं पंकज कण्डारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि वे किस प्रकार से कम्प्यूटर के ज्ञान को अर्जित कर अपने जीवन में उत्तम करिअर का निर्माण कर सकते हैं। महाविद्यालय करिअर काउंसलिंग समिति के संयोजक डा. वाई. सी. नैनवाल ने छात्र-छात्राओं को बताया कि कम्प्यूटर ज्ञान द्वारा सरकारी एवं निजी दोनों क्षेत्रों में करिअर निर्माण की अपार सम्भावनायें हैं। करिअर काउंसलिंग समिति के सदस्य डॉ. कविता पाठक, डॉ. हरीशचन्द्र रतूड़ी, कीर्तिराम डंगवाल, विजय कुमार, डॉ. शालिनी सैनी, डॉ. दिशा शर्मा व नेतराम ने भी करिअर के सम्बन्ध में छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य प्रो. के.एल. तलवाड़ ने क्लेंस सोफ्टवेयर लिमिटेड कम्पनी से आये विषय विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इस डिजिटल युग में अवश्य ही लाभ मिलेगा।

## महाविद्यालय में हुआ 'युवा टूरिज्म क्लब' का गठन

**21 अगस्त**




भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत कर्णप्रयाग महाविद्यालय में 'युवा टूरिज्म क्लब' का पंजीकरण किया गया है। 21 अगस्त को महाविद्यालय को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय से पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त हो गया है। प्राचार्य प्रो.के.एल.ने जानकारी देते हुए बताया कि 'युवा टूरिज्म क्लब' के संयोजक का दायित्व डॉ. एम.एल. शर्मा को दिया गया है। सह संयोजक के रूप में प्राध्यापक कीर्तिराम डंगवाल और डॉ. मृगांक मलासी को क्लब में सम्मिलित किया गया है। क्लब के संयोजक डा.शर्मा के अनुसार इस क्लब के माध्यम से जनपद चमोली में पर्यटन स्थलों से जुड़ी अनेक गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

## कर्णप्रयाग कालेज में 'मेरी माटी,मेरा देश' के तहत एनसीसी कैडेट्स ने ली पंच प्रण प्रतिज्ञा

**19 अगस्त**



एनसीसी इकाई द्वारा प्रभारी डॉ. वाई. सी. नैनवाल के निर्देशन में तथा प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ की अध्यक्षता में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स द्वारा पंच प्रण प्रतिज्ञा ली गई, जिसमें देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की बात कही गई। प्राचार्य ने एनसीसी कैडेट्स का आह्वान करते हुए कहा कि महाविद्यालय स्तर में एनसीसी से जुड़े विद्यार्थियों के अंदर अनुशासन और देशभक्ति की अलग ही झलक दिखती है। इनमें से कई विद्यार्थी सेना में अफसर के रूप में अपना करियर चुनते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## कर्णप्रयाग कालेज में प्राचार्य ने समिति के साथ किया नवनिर्मित पीजी ब्लाक का निरीक्षण

**21 अगस्त**



महाविद्यालय में प्राचार्य व आंतरिक समिति ने नवनिर्मित पीजी ब्लाक का संयुक्त निरीक्षण किया। सोमवार को प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ एवं महाविद्यालय की भूमि-भवन, निर्माण व रख-रखाव समिति के सदस्यों डॉ. मानवीरेन्द्र कंडारी, डॉ.वाई. सी. नैनवाल व जगदीश सिंह रावत ने स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था के वर्कर्स को विद्युत सुरक्षा उपायों,रैलिंग एवं अन्य कमियों को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए गए। प्राचार्य ने बताया कि निकट भविष्य में महाविद्यालय का नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) का निरीक्षण होना है और इससे पूर्व पी.जी. ब्लाक का महाविद्यालय को हस्तांतरण होना आवश्यक है। पीजी ब्लाक के हस्तांतरण से महाविद्यालय में कक्षाओं के संचालन के साथ-साथ शोध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कर्णप्रयाग महाविद्यालय में हुआ दवा वितरण

22 अगस्त



कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को दवा वितरित की गई। मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ.चंद्रावती टम्टा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिना नौटियाल व डॉ. चंद्रमोहन जनस्वाण के संयुक्त नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग कर्णप्रयाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई कृमि मुक्ति दवा एल्बेंडाजाल वितरित की गई। जंतु विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. दिगम्बर सिंह राणा ने कृमि पर विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि दवा वितरण का उद्देश्य 19 वर्ष तक की आयु के सभी किशोर-किशोरियों में कृमि मुक्ति सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। एक निर्धारित अंतराल में दवा के सेवन से खून की कमी पर नियंत्रण,एकाग्रता, प्रतिरोधक क्षमता और शरीर में पौष्टिक तत्वों में वृद्धि होती है। प्राचार्य प्रो. के.एल.तलवाड़ ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ युवा ही देश की प्रगति के आधार हैं। केंद्र और राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं में महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयां अपना महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। कार्यक्रम में लगभग सात सौ विद्यार्थियों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कविता पाठक ने भी कृमि मुक्ति हेतु उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंद्रमोहन जनस्वाण ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी,छात्र-छात्राएं व छात्र संघ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कर्णप्रयाग कालेज के भूगोल विभाग में एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को दी विदाई

23 अगस्त



भूगोल विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे चन्द्रयान की सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। भूगोल विभाग में हुए कार्यक्रम में एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र एवं छात्राओं की विदाई के लिए समारोह आयोजित किया गया।जिसमें छात्र-छात्रा गुलशन ,करीना ,राखी व हसीना ने अपने दो साल के अनुभव बताये । साथ ही उनके द्वारा भूगोल विषय में किए लघु शोध रिपोर्ट को भी कार्यक्रम में रखा गया।जिसमें गुलशन द्वारा जोशीमठ आपदा पर अपना लघु शोध कार्य, करीना द्वारा भोटिया जनजाति के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का अध्ययन, राखी द्वारा वनाग्नि से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव एवं हसीना द्वारा ग्रामीण महिलाओं की समस्याओं पर अध्ययन किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर के. एल. तलवाड़ का भूगोल विभाग द्वारा स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। प्राचार्य द्वारा एम ए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे डॉ.एम.एस.कण्डारी, भूगोल विभाग प्रभारी डॉ.तौफिक अहमद, डॉ.वाई.सी.नैनवाल, डॉ. आर.सी.भट्ट, डॉ.हरीश चन्द्र रतूड़ी, डॉ.राधा रावत, नेतराम, डॉ. नेहा तिवारी पाण्डेय, नरेंद्र पंघाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती मीना रियाल, श्री जे.एस.रावत, मुकेश कण्डारी, शुभम रावत, सहित एमए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर भूगोल विषय के समस्त छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहे। समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाएं दी गयी।

## पीजी कालेज कर्णप्रयाग में भौतिक विज्ञान विभाग की चार्ट प्रतियोगिता में खुशनुमा रही अव्वल

24 अगस्त



भौतिक विज्ञान विभाग में प्रयोगात्मक परीक्षा एवं चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत भौतिक विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न चार्ट के माध्यम से भौतिक विज्ञान की वैज्ञानिक खोजों के बारे में विस्तृत रूप से अपने विचार साझा करके उन्हें भली-भांति समझाया। इस अवसर पर बाह्य परीक्षक के रूप में डॉ. तुषार कंडारी तथा विभाग प्रभारी डॉ. कंडारी, प्राध्यापक कमलकिशोर द्विवेदी, जितेंद्रसिंह एवं पवनसिंह, हरेंद्र पवार उपस्थित रहे। चार्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खुशनुमा नेहा बीएससी सेकंड सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर तनीषा नेगी व वेदिका तृतीय स्थान पर वंदना रही। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अवसर मिलने पर ही प्रतिभाएं निखरती हैं इसलिए विभाग की सभी गतिविधियों में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए।

## निर्वाचन साक्षरता क्लब ने चलाया मतदान जागरूकता अभियान





1 अगस्त को महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब (ELC) के तत्वावधान में मतदाता साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कैंपस एंबेसडर नोडल अधिकारी डॉ. कविता पाठक, सदस्य डॉ. मदन शर्मा तथा सदस्य कीर्तिराम डंगवाल ने क्लब के छात्र छात्राओं को मतदान एवं मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. एम. एस. कंडारी ने की। इस अवसर पर प्रो. भारती सिंघल, डॉ.इंद्रेश पाण्डेय ने भी मतदाता साक्षरता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता मे आयुषी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रेष्ठा मुनियाल ने, द्वितीय स्थान अंबिका लडोला ने तथा तृतीय स्थान अनुष्का खंडूरी ने प्राप्त किया।

## कर्णप्रयाग पीजी कालेज में 'चन्द्रयान-3' विषय पर पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

26 अगस्त



भौतिक विज्ञान विभाग में 'चन्द्रयान-3' विषय पर पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभाग प्रभारी डॉ.कंडारी के निर्देशन में संयोजक डॉ.कमल किशोर एवं डॉ.जितेंद्रसिंह द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में बी.एस. सी. प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह से प्रतिभाग किया। पोस्टर के माध्यम से विद्यार्थियों ने 'चन्द्रयान-3' की सफल लैंडिंग व भाषण के माध्यम से इस अभियान की सफलता से होने वाले लाभों पर विचार प्रस्तुत किये। निर्णायक के रूप में कमलेश लोहनी व डॉ.सुशील सती ने मूल्यांकन कार्य किया। पोस्टर प्रतियोगिता में नवल किशोर जोशी प्रथम,प्रिया रतूडी द्वितीय व कामिनी सती तृतीय रही। भाषण प्रतियोगिता में सुखबीर सिंह,सुप्रिया रतूडी व नवल किशोर को क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान मिला। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने विजयी प्रतिभागियों और भौतिक विज्ञान विभाग को प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## "इतिहास को जानो" प्रतियोगिता में सौरभ रावत ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**28 अगस्त**

इतिहास विभाग द्वारा आज इतिहास को जानो प्रतियोगिता के अन्तर्गत 3 चरणों, ऑडियो राउंड, विजुअल राउंड, वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र सौरभ रावत ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अमनदीप सिंह ने द्वितीय स्थान एवं बी. ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र गौतम कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिता में इतिहास विभाग के प्राध्यापक श्रीमती पूनम, स्वाति सुन्दरियाल, डॉ. वी. आर. अन्थवाल उपस्थित थे।





















## "महाविद्यालय गौरव वंदना"



रचयिता - डॉ. चन्द्रमोहन जनस्वाण

परम सुहावन पतित पावन
महान विद्या सदन हमारा,
परम सुहावन पतित पावन
महान विद्या सदन हमारा।
वर्दान्य इस बद्री क्षेत्र में जो
तपस्थली है श्री कर्ण जी की,
इन्हीं के सम्मुख सुहा रहा है
महान विद्या सदन हमारा।
परम सुहावन पतित पावन
महान विद्या सदन हमारा।
कल-कल निनादित पिंडर की धारा
अलकनंदा इसका एक सहारा,
इन्हीं के आंचल में सरस्वती का
महान विद्या सदन हमारा।
परम सुहावन पतित पावन
महान विद्या सदन हमारा।
दया रहे आदिशक्ति जी की
कृपा रहे लक्ष्मीपति की,
धरा-विमल ये उमापति की
दया के सागर दयानिधि की।
परम सुहावन पतित पावन
महान विद्या सदन हमारा।
दुरूह है जीवन में ज्ञान सारा
निपट तिमिर वो तुझे न जाना,
हे मां सरस्वती तू देने वाली
है बेसहारों को एक सहारा।
परम सुहावन अतीव पावन
महान विद्या सदन हमारा,
परम सुहावन अतीव पावन
महान विद्या सदन हमारा।











डॉ. शिवानन्द नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कर्णप्रयाग (चमोली) की महाविद्यालयीय गतिविधियों एवं सूचनाओं के प्रसार हेतु संरक्षक - प्राचार्य प्रो. (डॉ. ) के. एल. तलवाड़, सम्पादक – डॉ. मृगांक मलासी, सह-सम्पादक - डॉ. मदन लाल शर्मा, सह-सम्पादक - डॉ. पंकज कुमार यादव, छात्र संपादक – अमीषा रावत, तनीषा सती, प्रज्ञा
ई-न्यूज पत्र 'मोनाल' का महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन लागत रहित प्रकाशन